28/10/2024

आकाशवाणी  ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने तवांग से वर्चुअल माध्यम से राज्य मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। राज्य मंत्रिमंडल ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की नर्सों के सभी कैडर की ट्रांसफर एंड पोस्टिंग के नीति निर्धारण को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल की इस निर्णय से राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में नर्सों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और लोगों को क्वालिटी हेल्थ केयर उपलब्ध होगा। मंत्रिमंडल ने राज्य प्रशासन की चुनौतियों को देखते हुए प्रभावी प्रशासन के लिए प्रशासनिक सुधार आयोग के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में मंत्रिमंडल ने प्रदेश में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए स्पेशल इनवेस्टिगेशन सेल विजिलेंस के नामकरण में बदलाव करते एंटी-करप्शन ब्यूरो करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार से नाहरलगुन रेलवे स्टेशन के नाम बदलकर ईटानगर रेलवे स्टेशन करने की सिफारिश की है। इस निर्णय से अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर आने वाले पर्यटकों को सुविधा होगी। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश विक्टिम कमपेंशन स्कीम दो हजार ग्यारह और अरुणाचल प्रदेश स्टेट ह्यूमन राइट्स कमिशन सर्विस रूल दो हजार बाइस में संशोधन को भी मंजूरी दे दी है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में राज्यमंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश पुलिस, अरुणाचल प्रदेश पुलिस बटालियन और आईआरबीएन में कॉन्स्टेबल, हेड कॉन्स्टेबल और ए.एस.आई के लिए स्पेशल ग्रेड के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। मंत्रिमडल ने सीनियरिटी बेसिस पर कंट्रेक्चुएल पर ए.एन.एम और नर्सिंग ऑफिसर्स की सेवाओं को नियमित करने के लिए भर्ती नियमों में वन टाइम रिलेक्शेशन, अरुणाचल प्रदेश हॉर्टिकल्चर सर्विस संशोधन नियमावली दो हजार चौबीस और डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसपोर्ट मोटर वेहिकल इंस्पेक्टर और एलडीसी के दस-दस पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है।

00000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. परनाईक ने आज तवांग जिले के दौरे पर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों और आला अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया। तवांग में राज्यपाल और मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू के बीच बैठक में इस क्षेत्र के कल्याण और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनायक ने राज्य में तपेदिक उन्मूलन अभियान के तहत कल कल लोअर दिबांग वैली के रोइंग जिला अस्पताल का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान राज्यपाल ने क्षेत्र के दो टीबी रोगियों को गोद लिया और उन्हें निक्षय मित्र पहल के माध्यम से फूड बास्केट प्रदान की।

0000000000000000

सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा को बढावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल करने के लिए आज से पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का विषय है - राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति। यह सप्ताह शासन और जन प्रशासन में पारदर्शिता और नीति की आवश्यकता को लेकर व्यापक संवेदनशीलता सृजित करने के लिए मनाया जाता है। इस सप्ताह की शुरूआत मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और अन्य सभी संस्थानों के कर्मचारियों के शपथ ग्रहण के साथ हुई। विजिलेंस अवेयरनेस वीक के तहत भ्रष्ट कार्यप्रणालियों के विरूद्ध जागरूकता का प्रसार करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सप्ताह के स्मरण में प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है।

ईटानगर स्थित बॉटानिकल सर्वे ऑफ इंडिया की अरुणाचल प्रदेश रीजनल सेंटर ईटानगर में आज अधिकारियों और कर्मियों ने विजिलेंस अवेयरनेस वीक के तहत सत्य निष्ठा की शपथ ली। बी.एस.आई के सीनियर साइंटिस्ट डॉक्टर के. अल्ताफ अहमद कबीर, डॉक्टर कृष्णा चौलु सहित कई वैज्ञानिकों और कर्मियों ने संस्थान में निर्धारित मानदंडों का पालन करने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान की शपथ ली। दूरदर्शन और आकाशवाणी केंद्र ईटानगर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी विजिलेंस अवेयरनेस वीक के तहत सत्यनिष्ठा की शपथ ली।

0000000000000000

प्रसार भारती ने रीजनल न्यूज यूनिट दूरदर्शन और आकाशवाणी केंद्र ईटानगर में फुल टाइम कंट्रेक्ट बेसिस पर कॉपी एडिटर के पदों पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया है। विज्ञप्ति के अनुसार कुल रिक्त पदों की संख्या तीन है, जिसमें दो पद दूरदर्शन और एक पद आकाशवाणी केंद्र ईटानगर के लिए है। आवदकों किसी भी मान्यताप्राप्त संस्था से ग्रेजुएशन डिग्री के साथ ही मेन स्ट्रीम मीडिया में पांच साल का अनुभव या जर्नालिज्म और मास कम्यूनिकेशन में डिग्री या पीजी डिप्लोमा के साथ ही किसी भी मेन स्ट्रीम मीडिया में तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। आवेदक को हिंदी और इंग्लिश भाषा में प्रवीण होना चाहिए। इस पद के लिए मासिक वेतन पैतीस हजार रुपए है और आवेदक की आयु विज्ञापन की तिथि को पैतीस वर्ष से कम होनी चाहिए। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए प्रसार भारती के आधिकारिक वेबसाईट prasarbharati.gov.in/pbvacancies पर उपलब्ध है।

000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के चीफ इलेक्ट्रोरल ऑफिसर ने आगामी एक जनवरी को अट्ठारह वर्ष की उम्र पूरी करने वाले भारतीय नाग़रिकों से फोटो इलेक्ट्रोरल रोल के लिए आवेदन करने की अपील की है। निर्वाचन आयोग के अनुसार योग्य नाग़रिक वोटर हेल्प लाईन मोबाइल एप या voterportal.eci.gov.in या voters.eci.gov.in. पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन सुविधा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में योग्य नागरिक अपने पोलिंग स्टेशन या बूथ लेवल ऑफिसर्स के पास मतदान सूची से नाम शामिल करने के लिए फॉरम - 6 हटाने के लिए फॉरम -7 और ट्रास्पोजिशेन के लिए फॉरम - 8 भरकर जमा कर सकते है।

00000000000000

संत प्रवर विज्ञानदेवजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आज ईटानगर राजधानी क्षेत्र के नेरिस्ट हेल्थ सेंटर निरजुलि में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में नेरिस्ट के निदेशक नरेंद्रनाथ एस, निरजुलि मार्केट वेलफेयर कमिटी के अध्यक्ष ताई तामे, बिहंगम योग संत समाज अरुणाचल प्रदेश के अध्यक्ष इंजीनियर तांगा केना सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

00000000000000

भारतीय सेना ने 1962 के भारत-चीन युद्ध से संबंधित वालोंग वार की 62वीं वर्षगांठ के तहत कल हाफ मैराथन आयोजित किया। यह आयोजन अरुणाचल प्रदेश के खूबसूरत परिदृश्यों में हुआ और इसमें पूरे राज्य से उत्साही प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन सेना द्वारा नियोजित कार्यक्रमों की एक महीने लंबी श्रृंखला का हिस्सा है, जो वालोंग की लड़ाई में भारतीय सैनिकों की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करने के लिए 14 नवंबर को समाप्त होगी।

प्रसिद्ध मैराथन धावक नितेंद्र सिंह रावत ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित और प्रेरित किया। वालोंग की लड़ाई भारतीय साहस का प्रतीक है, और हाफ मैराथन उन सैनिकों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने दृढ़ संकल्प के साथ देश की रक्षा की।

0000000000000000000

अपर सियांग जिले के डमरोह गांव में सियांग ट्रस्ट ने 24 अक्टूबर को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें ग्रामीणों को चिकित्सा जांच और उपचार प्रदान किया गया। शिविर में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्यूटी बोरांग परमे, वरिष्ठ सर्जन डॉ. बोमनी तायेंग, मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. लिंकोडे मोयोंग और दंत चिकित्सक डॉ. टिल परमे शामिल थे। कुल 90 रोगियों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप और शुगर जांच के साथ-साथ निःशुल्क दवाइयां भी दी गईं। इसके अतिरिक्त, 50 व्यक्तियों को नेत्र चिकित्सा और 25 को दंत चिकित्सा उपचार प्रदान किया गया। अन्य दूरदराज के गांवों में भी ऐसे शिविरों की योजना बनाई गई है।

0000000000000